कार्यालय–प्राचार्य
**सत्यनारायण अग्रवाल शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय**
कोहका–नेवरा, जिला–रायपुर (छ.ग.) पिन–493114
**E-mail** : gdc.kohka@gmail.com, **Website** : http://gdckohka.ac.in/

# –:: प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया ::–

शैक्षणिक सत्र 2025–26 की स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर ***प्रथम सेमेस्टर*** में प्रवेश के लिए निम्नानुसार प्रक्रिया निर्धारित की गई है –

1. विश्वविद्यालय से प्राप्त आवेदन सूची अनुसार चयन–सूची जारी करना।
2. जारी चयन–सूची का महाविद्यालय की वेबसाईट एवं सूचना–पटल में प्रदर्शन।
3. चयनित विद्यार्थी द्वारा महाविद्यालय की वेबसाईट में उपलब्ध लिंक से प्रवेश आवेदन भरा जावेगा।
4. चयनित विद्यार्थी को विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के प्रवेश आवेदन की हार्डकॉपी सहित समस्त वांछित अभिलेखों सहित प्रवेश प्रभारी के समक्ष उपस्थित होना होगा।
5. संबंधित प्रवेश प्रभारीं द्वारा चयनित विद्यार्थी द्वारा भरे गये विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के प्रवेश–आवेदनों का मिलान करते हुए वांछित अभिलेखों का सत्यापन कर आवश्यक अभिलेख प्राप्त किया जावेगा।
6. आवेदनों एवं अभिलेखों के सत्यापन पश्चात् संबंधित प्रवेश प्रभारी द्वारा महाविद्यालय के प्रवेश पोर्टल में लॉगिन करते हुए चयनित विद्यार्थी के प्रवेश आवेदन को वेरिफाई कर परिचय–पत्र का प्रारूप विद्यार्थी को दिया जायेगा।
7. वेरिफाई करने के पश्चात् ही विद्यार्थी ऑनलाईन प्रवेश शुल्क जमा कर सकता है। प्रवेश–शुल्क मोबाईल अथवा कम्प्यूटर के माध्यम से जमा किये जा सकते हैं।
8. प्रवेश–शुल्क जमा कर विद्यार्थी परिचय–पत्र का प्रारूप, रसीद और अस्थायी प्रवेश–पत्र में हस्ताक्षर हेतु जमा करने कार्यालय में आयेगा, जहां उसे फीस क्लर्क एवं प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित अस्थायी प्रवेश–पत्र तत्काल जारी किया जावेगा।